RAF SECTOR

NEWS CLIP

27/02/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Punjab Kesari , New Delhi

दिल्ली में अब तक 13 मरे

उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश, कई जगह कर्फ्यू

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में संशोधित नागरिकता कानून को लेकर हुई सांप्रदायिक झड़प के एक दिन बाद मंगलवार को एक बार फिर हिंसा भड़क गई और आगजनी के बाद धुएं का गुबार कई जगह से उठता देखा गया। सड़कों पर भीड़ बिना किसी रोक-टोक के नजर आई। भीड़ में शामिल लोग पत्थर बरसा रहे थे, दुकानों में तोड़फोड़ कर रहे थे और स्थानीय लोगों को धमका रहे थे। पिछले 48 घंटों में हिंसा में 13 लोग मारे गए हैं। पुलिस ने उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी कर दिए हैं। मोजपुर, जाफराबाद, करावल नगर, बाबरपुर और चांद बाग में कर्फ्यू लगा दिया गया है। कुल 200 लोग घायल हुए हैं जिनमें 60 पुलिस कर्मचारी भी हैं। कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में भारी आगजनी हुई है। सड़कों पर जगह-जगह पड़े ईंट-पत्थर और जले हुए टायर यहां हुई हिंसा की गवाही दे रहे थे जिसने सोमवार को सांप्रदायिक रंग ले लिया और इस दौरान 48 पुलिसकर्मियों समेत करीब 150 लोग घायल हो गए। हिंसा प्रभावित इलाकों में लाठी, पत्थरों और रॉड से लैस उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया। मौजपुर में दंगाइयों ने सड़क पर लोगों की पिटाई की और ई-रिक्शा व अन्य वाहनों पर भी अपना गुस्सा निकाला। कई पत्रकारों से भी धक्का-मुक्की की गई और उन्हें वापस जाने को कहा गया। इलाके में तनाव कायम होने के चलते स्कूल बंद है और डर के कारण लोग भी घरों से बाहर नहीं निकले। उत्तर पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाके में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी गयी है, जिसके तहत चार या उससे ज्यादा लोगों के एक जगह इकट्ठे होने पर रोक है।

(सम्पूर्ण खबर पृष्ठ-4 पर)

उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में जगह-जगह आगजनी के बाद तबाह हुए बाइक और अन्य व्हीकल तथा नीचे फ्लैग मार्च करते हुए रेपिड एक्शन फोर्स।

हिंसा को लेकर एक्शन में गृहमंत्री

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों में लगभग एक हजार पुलिसकर्मियों की सशस्त्र बटालियन तैनात की जा रही है और अंतरराज्यीय सीमाओं पर करीब से नजर रखी जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई बैठक में पुलिसकर्मियों की तैनाती के बारे में यह जानकारी दी गई। बैठक में उपराज्यपाल अनिल

बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक, कांग्रेस नेता सुभाष चोपड़ा, भाजपा के नेता मनोज तिवारी और रामवीर बिधूड़ी भी शामिल हुए। उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली में शांति स्थापना के लिए नागरिकों सहित समाज के सभी तबकों के प्रतिनिधियों के साथ शांति समितियों को पुन: सक्रिय करने का भी निर्णय किया गया। दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त बलों के साथ ही विशेष अधिकारियों की तैनाती की जा रही है।

(सम्पूर्ण खबर पृष्ठ-2 पर)

Dainik jagran , New Delhi

पुलिस अफसरों ने संभाला मोर्चा, लोगों से की बात



भजनपुरा में दंगे के दौरान दंगाइयों को समझातेसुरक्षा कर्मी • ध्रुव कुमार

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली: मंगलवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिंसा प्रभावित इलाकों की कमान संभाली। इससे पहले घोंडा चौक, नूर-ए-इलाही, मौजपुर चौक, ब्रह्मपुरी रोड, करावल नगर रोड, चांद बाग, वजीराबाद रोड पर दंगाइयों ने जमकर उत्पाद मचाया। आखिर में जब पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तब जाकर माहौल थोड़ा शांत हुआ। पुलिस उपायुक्त विजय देव, राजन भगत और एसीपी संदीप लांबा व उदयवीर बिधूड़ी ने घोंडा चौक पर मोर्चा संभाला। इसके साथ ही एसीपी प्रशांत विहार ने मौजपुर चौक पर मोर्चा संभाला।

पुलिस के पहुंचने पर भी लोग सड़कों पर खड़े हुए थे। अधिकारियों ने ब्रह्मपुरी रोड, गांवड़ी रोड और मौजपुर रोड, जाफराबाद, बाबरपुर सहित कई दंगा प्रभावित इलाकों में फ्लैग मार्च किया और शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सड़क पर खड़े लोगों से बातचीत की और उन्हें समझाया कि यह वक्त ऐसा नहीं है कि जब सड़कों पर इस तरह से खड़ा हुआ जाए। उस दौरान गांवडी रोड पर कुछ लोगों ने छतों से पथराव की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें कार्रवाई की चेतावनी दी जिसके बाद वे छिप गए।

इसके बाद पुलिस ने फ्लैग मार्च में क्षेत्र के प्रमुख लोगों को बुलाया और उनसे अपील की वह क्षेत्र के लोगों को समझाएं कि हिंसा करना गलत है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि दंगा करने वालों से पुलिस अब बेहद सख्ती से निपटेगी और गोली मारने से भी परहेज नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों ने अमन कमेटी के लोगों व क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों के साथ भी बैठक करके कहा कि वह अपने आसपास के लोगों को शांति व भाईचारा कायम करने के लिए समझाएं। इसके अलावा धार्मिक स्थलों से भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने के लिए कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया कि सभी को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है।

The Indian Express , New Delhi



Security forces at Khajuri Khas of Delhi on Tuesday. *Gajendra Yadav*

Rapid Action Force and Delhi Police personnel at Khajuri Khas, Tuesday. *Gajendra Yadav*

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।